"कंठस्थ" पर तीन दिवसीय राजभाषा प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन

भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद तथा वन अनुसंधान संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में संस्थान में 27 मई से 29 मई, 2024 तक **'कंठस्थ अनुवाद टूल'** विषय पर गहन हिंदी प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को कंठस्थ अनुवाद के माध्यम से त्वरित एवं सटीक अनुवाद करने का अभ्यास कराया गया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला के समापन सत्र में श्री आर. आनंद, कुलसचिव, वन अनुसंधान संस्थान ने उपस्थित प्रतिभागियों की प्रतिभागिता की सराहना की। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से आग्रह किया कि वे आपने-अपने कार्यस्थल पर भी इस अभ्यास को जारी रखें तथा अपने अन्य साथियों को भी प्रशिक्षण लेने के लिए प्रेरित करें । इस अवसर पर प्रतिभागियों के उत्साह वर्धन के लिए सभी को प्रमाण पत्र प्रदान किए गये। कार्यशाला का समापन श्री शंकर शर्मा , सहायक निदेशक (राजभाषा) के धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया। कार्यशाला का आयोजन आईटी एवं जीआईएस शाखा के कंप्यूटर लैब में किया गया था।

<u>कार्यशाला समापन की कुछ झलकियाँ</u>